हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 10 जुलाई 2026

11 सीएम और पीएम से मिलने की रणनीति पर आज होगा...


12 सीसवाल सब माइनर मोगा और खाल के निर्माण में...


## नगर निगम की बैठक आज, सीवरेज व जलभराव के मुद्दे पर हंगामे के आसार

### जलभराव से शहर को बचाने की आधी-अधूरी तैयारी पर अधिकारियों को घेरेंगे पार्षद

■ मानसून की पहली तेज बारिश पर किया जाएगा जवाब तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मानसून की पहली तेज बारिश में शहर की बदहाल जल निकासी व्यवस्था उजागर होने के बाद शुक्रवार को होने वाली नगर निगम की बैठक काफी हंगामेदार रहने के आसार हैं। मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में सीवरेज व्यवस्था, जलभराव और मानसून पूर्व तैयारियों का मुद्दा प्रमुखता से उठेगा। पार्षद नगर निगम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के अधिकारियों से जवाब मांगने की पूरी तैयारी कर चुके हैं। दरअसल, पिछले दिनों हुई 56 मिलीमीटर बारिश ने नगर निगम और संबंधित विभागों की तैयारियों की पोल खोल दी थी। कुछ ही देर की बारिश में शहर के कई निचले इलाकों और मुख्य सड़कों पर पानी भर गया था। कई जगहों पर सीवरेज ओवरफ्लो होने से गंदा पानी सड़कों और रिहायशी क्षेत्रों में फैल गया। जलभराव के कारण लोगों को घंटों तक परेशानी झेलनी पड़ी और यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ।

सूत्रों के अनुसार पार्षद बैठक में सवाल उठाएंगे कि हर साल मानसून से पहले नालों की सफाई, सीवरेज लाइनों की मरम्मत और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन पहली ही बारिश में पूरा सिस्टम क्यों फेल हो जाता है। पार्षद यह भी जानना चाहेंगे कि प्री-मानसून अभियान के तहत किए गए कार्यों की वास्तविक स्थिति क्या रही और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई की गई।



#### थाने में काटा बवाल

बैठक में नगर निगम के साथ-साथ जन स्वास्थ्य विभाग और एचएसवीपी के अधिकारियों को भी कठघरे में खड़ा किया जा सकता है। पार्षदों का आरोप है कि विभागों के बीच समन्वय के अभाव और लापरवाही के कारण हर वर्ष शहर के लोगों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है। कई इलाकों में बंद नाले और जाम सीवर समस्या को और गंभीर बना रहे हैं। प्रशासन की ओर से हर साल प्रबंध तो बाढ़ बचाव के किए जाते हैं लेकिन पानी बरसात का भी नहीं निकल पाता।

#### अब प्रशासन को आई बरसाती नालों की याद

हिसार। युवा समाजसेवी शुभम वलेचा ने शहर में मानसून से पूर्व बरसाती पानी की निकासी के पर्याप्त प्रबंध न किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मानसून की दस्तक के बावजूद नगर निगम और प्रशासन की तैयारियां अभी तक अधूरी हैं। बरसाती नालों की सफाई और सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करने का कार्य समय रहते पूरा नहीं किया गया, जिसके कारण अब शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नालों को खोदकर छोड़ दिया गया है। यदि आज-कल में तेज बारिश हुई तो शहर में जलभराव के साथ-साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाएगी। युवा समाजसेवी शुभम वलेचा ने कहा कि पिछले वर्ष हुई भारी बारिश के दौरान हिसार के अधिकांश क्षेत्रों में गंभीर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिससे आमजन, व्यापारियों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। गत वर्ष की परेशानियों से



सबक लेने के बजाये इस वर्ष भी प्रशासन की कार्यशैली लापरवाहीपूर्ण दिखाई दे रही है। उन्होंने जिला प्रशासन और नगर निगम से मांग की कि शहर में चल रहे सभी सीवरेज एवं नाला सफाई कार्य को युद्ध स्तर पर शीघ्र पूरा करवाया जाए।

## नीलगाय को बचाने के प्रयास में कैंटर पलटा चालक की मौत

हिसार। जिला के गांव बिठमड़ा के पास गुरुवार तड़के एक सड़क हादसे में कैंटर चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव गैबीपुर निवासी 24 वर्षीय विजय के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और इत्तफाकिया कार्रवाई अमल में लाई है।

■ गैबीपुर के 24 वर्षीय विजय के रूप में हुई पहचान

जानकारी के अनुसार, विजय बुधवार देर शाम पंजाब के गोविंदगढ़ से कैंटर में लोहे की पत्तियां लोड कर हांसी के लिए रवाना हुआ था। गुरुवार तड़के करीब तीन बजे जब वह बिठमड़ा के पास पहुंचा, तो अचानक कैंटर के सामने नीलगाय आ गई। नीलगाय को बचाने के प्रयास में कैंटर असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया, जिससे विजय गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने उसे बरवाला सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन अब 15 तक

हिसार। हरियाणा के सरकारी और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026-27 के दाखिलों के लिए आवेदन करने वाले युवाओं को एक और अवसर प्रदान गया है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 15 जुलाई कर दी है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सचदेवा ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही पंजीकरण कर लिया है, वे 15 जुलाई तक पोर्टल पर लॉगिन कर अपनी पसंद के ट्रेड और संस्थान का चयन कर सकते हैं तथा निर्धारित दाखिला शुल्क जमा करा सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट admissions.itiharyana.gov.in पर जाकर निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

### पीरांवाली में चलती भट्ठी पकड़ी, लाहन नष्ट किया

हिसार। पुलिस की स्वैट टीम-2 ने सदर थाना क्षेत्र के गांव पीरांवाली में अवैध शराब की चलती भट्ठी का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने आबकारी विभाग के नियमों के अनुसार मौके पर ही करीब 1000 लीटर कच्चा लाहन नष्ट कर दिया। वहीं अवैध शराब तैयार करने में इस्तेमाल की जा रही भट्ठी व अन्य उपकरणों को कब्जे में लेकर पुलिस लाइन में जमा करा दिया गया। पुलिस के अनुसार अवैध शराब के धंधे से जुड़े लोगों की पहचान की जा रही है।

### रेप केस में मुंहबोली बहन गिरफ्तार

बरवाला। पुलिस ने दुष्कर्म एवं पोक्सो अधिनियम के एक मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच कर रही सब इंस्पेक्टर रचना ने बताया कि आरोपी की पहचान राजली निवासी महिला के रूप में हुई है। आरोपी महिला पीड़िता की रिश्तेदारी में मुंहबोली बहन बताई गई है। उन्होंने बताया कि गत 7 जुलाई को पीड़िता के बयानों के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध थाना बरवाला में दुष्कर्म एवं पोक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### रास्ता रोककर मारपीट के आरोप में दो काबू

हिसार। सदर पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने एवं कार को क्षतिग्रस्त करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त डंडा बरामद किया है। सदर थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र गिल ने बताया कि आरोपियों की पहचान ढंढूर निवासी हवा सिंह व सागर के रूप में हुई है। 29 जून को चौथा मिल निवासी जशनदीप की शिकायत पर थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि 28 जून को वह अपने साथियों के साथ किसी कार्य से अग्रोहा की ओर कार से जा रहा था। इसी दौरान सामने से बाइक पर आ रहे तीन-चार युवकों ने उसकी कार के साथ टक्कर की। विरोध करने पर आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया और शिकायतकर्ता व उसके साथियों के साथ मारपीट करते हुए उनकी कार को भी नुकसान पहुंचाया।

### खेत से सामान चोरी करने का आरोपी धरा

हिसार। अग्रोहा थाना पुलिस ने खेत से सामान चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अग्रोहा थाना प्रभारी निरीक्षक ईश्वर सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान किरमारा निवासी विशाल के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा 30 फुट लंबाई की 3 इंच की लोहे की पाइप, एक लोहे का बेंड तथा तीन लोहे की फ्लैंची बरामद की गई है। 8 जुलाई को राजेश कुमार किरमारा ने खेत से सामान चोरी होने की शिकायत दी थी। जांच के दौरान मुख्य सिपाही जयभगवान ने घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों की फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विशाल को गिरफ्तार कर लिया।

## रोडवेज कर्मियों ने रोका बसों का नाइट संचालन, दो दिन हड़ताल का ऐलान

महाप्रबंधक राहुल मित्तल के साथ हुई वार्ता रही बेनतीजा

हिसार। राज्य परिवहन के हिसार डिपो में पिछले 56 दिनों से आंदोलनरत कर्मचारियों ने गुरुवार शाम से बसों का नाइट संचालन बंद कर दिया। कर्मचारियों ने रोडवेज महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर धरना देते हुए घोषणा की कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक नाइट संचालन बंद रहेगा। साथ ही 10 व 11 जुलाई की दो दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया।

रोडवेज कर्मचारी सांझा संघर्ष समिति ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान महाप्रबंधक राहुल मित्तल कार्यालय नहीं पहुंचे। शाम को उनके कार्यालय आने के बाद संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों को वार्ता के लिए बुलाया गया।

#### आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारी में जुटा प्रशासन



दोनों पक्षों के बीच बातचीत किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी। इसके बाद कर्मचारियों ने नाइट संचालन बंद रखने और 10-11 जुलाई की प्रस्तावित हड़ताल पर कायम रहने का निर्णय दोहराया। उधर, दो दिवसीय हड़ताल के ऐलान के बाद रोडवेज प्रशासन ने विभिन्न शाखाओं को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। यातायात प्रबंधक प्रीतम कुमार को हड़ताल के दौरान बसों के संचालन की निगरानी के लिए ओवरऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है। प्रशासन का कहना है कि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## चौकी प्रभारी मनीष शर्मा हत्याकांड में एक दोषी को आजीवन कारावास

6 दोषियों को 2-2 साल और एक को 9 महीने कैद की सजा सुनाई

हिसार। अदालत ने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान वर्ष 2020 में उकलाना रेलवे स्टेशन के पास आरपीएफ चौकी प्रभारी एसआई मनीष शर्मा की गोली मारकर हत्या करने के बहुचर्चित मामले में दोषी करार 9 में से एक दोषी संदीप ऊर्फ बंगरू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने इस मामले में दोषी पवन उर्फ मोदी, अमित उर्फ मीता, जय भगवान उर्फ सोनू, दिनेश उर्फ फौजी, सुनील उर्फ शीला व प्रियव्रत उर्फ कुकी को दो-दो साल तथा दीपक उर्फ ढेलिया व मुकेश को 9 महीने की सजा सुनाई है। अदालत ने यह भी आदेश दिए है कि जिन दोषियों ने केस के दौरान अपनी सजा से अधिक अवधि जेल में बिताई है और वे उन्हें किसी मामले में वांछित नहीं है तो रिहा कर दिया जाए।

#### 2020 में उकलाना में हुई थी हत्या

मामले के अनुसार, 18 मई 2020 की शाम आरपीएफ चौकी उकलाना को सूचना मिली थी कि उकलाना रेलवे स्टेशन और भूना रोड रेलवे फाटक के बीच रेलवे लाइन पर 5-6 संदिग्ध युवक बैठे हैं और किसी गैरकानूनी गतिविधि की तैयारी में हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी एसआई मनीष शर्मा, सिपाही सतीश कुमार और विनोद कुमार मौके पर पहुंचे। शिकायतकर्ता सतीश कुमार के अनुसार पुलिस ने युवकों से पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम संदीप, पवन उर्फ मोदी, सुनील उर्फ शीला और दिनेश उर्फ फौजी बताए। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिसकर्मियों से अभद्रता शुरू कर दी और हथियार निकाल लिए। इसी दौरान एक आरोपी ने कहा कि खेल खत्म करो, एक केस और भुगत लेंगे। आरोप है कि संदीप उर्फ बंगरू ने देशी कट्टा निकालकर एसआई मनीष शर्मा की छाती में गोली मार दी। गोली लगते ही वह मौके पर गिर पड़े, जबकि आरोपी अपने साथियों के साथ फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल अधिकारी को नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद जीआरपी थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 186, 332, 353, 120-बी, 147, 148 तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 25/54/59 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। करीब छह वर्ष बाद अदालत ने मामले में नौ आरोपियों को दोषी करार दिया था और सजा पर सुनवाई के लिए 9 जुलाई की तारीख तय की थी।

## हांसी को मिला पहला डीईओ, अब शिक्षा से जुड़े कार्यों के लिए नहीं जाना पड़ेगा हिसार

### एआई आधारित शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर रहेगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

प्रदेश के 23वें जिले के रूप में अस्तित्व में आने के बाद हांसी प्रशासनिक रूप से लगातार आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिले को अपना पहला डीईओ मिल गया है। नव नियुक्त महेंद्र सिंह ने गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यभार संभाल लिया। उनके स्वागत में शहर के एक निजी होटल में आयोजित समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, सरकारी एवं निजी स्कूल संचालकों तथा शिक्षाविदों ने भाग लिया। कार्यभार संभालने के बाद महेंद्र सिंह ने कहा कि हांसी में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की स्थापना की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए निदेशालय स्तर पर बजट और आवश्यक पदों के आवंटन की कार्रवाई चल रही है।

#### महेंद्र सिंह ने संभाला डीईओ का कार्यभार



हांसी। नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह का स्वागत करते शिक्षा विभाग के अधिकारी, सरकारी एवं निजी स्कूलों के संचालक।

उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले एक सप्ताह के भीतर कार्यालय पूरी तरह कार्यशील हो जाएगा। इसके बाद सरकारी और निजी विद्यालयों को विभागीय एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए हिसार के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और सभी कार्य हांसी में ही किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य हांसी को शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल करना है। इसके लिए विद्यालयों में आधुनिक तकनीक, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा।

## चरस का मुख्य सप्लायर दबोचा

नारनौंद। सीआईए पुलिस ने चरस बरामदगी मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। सीआईए पुलिस ने मई में बास थाना क्षेत्र से बास अकबरपुर निवासी संदीप को 489 ग्राम चरस सहित काबू किया था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ बास थाना में मामला दर्ज करके पूछताछ की तो इस नशा तस्करी के तार जींद जिले के नरवाना क्षेत्र के गांव दनौदा से जुड़ गए।

पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए दनौदा खुर्द निवासी राहुल को पकड़ा। राहुल चरस तस्करी का मुख्य सप्लायर बताया जा रहा है। पुलिस चरस सप्लायर से पूछताछ करने में लगी हुई है। इस संबंध में सीआईए के उपनिरीक्षक धर्मवीर ने बताया कि बास थाने में दर्ज चरस बरामदगी मामले में मुख्य सप्लायर के रूप में दनौदा खुर्द निवासी राहुल का नाम सामने आया था। पुलिस ने राहुल को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## सेक्टर-33 से सीधा जुड़ेगा शहर, मेयर ने नई सड़क परियोजना का किया मौका मुआयना

### डीएन कॉलेज-घोड़ा फार्म फाटक के बीच बनेगी वैकल्पिक सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहरवासियों को रोजाना लगने वाले ट्रैफिक जाम से स्थायी राहत दिलाने की दिशा में नगर निगम और सिंचाई विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। इसी कड़ी में मेयर प्रवीण पोपली ने सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता विमल बिश्नोई के साथ डीएन कॉलेज रेलवे फाटक और घोड़ा फार्म रेलवे फाटक के बीच बनने वाली प्रस्तावित नई सड़क परियोजना का जमीनी निरीक्षण किया। मौका निरीक्षण के दौरान मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि शहर में वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण कई प्रमुख मार्गों पर लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में नागरिकों को सुगम, सुरक्षित और बाधा रहित यातायात सुविधा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### योजना पर गंभीरता से किया जा रहा मंथन



हिसार। मौके पर निरीक्षण करते मेयर प्रवीण पोपली, एसई विमल बिश्नोई व अन्य।

मेयर ने परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि डीएन कॉलेज रेलवे फाटक और घोड़ा फार्म रेलवे फाटक के बीच एक नया वैकल्पिक मार्ग विकसित करने की योजना पर गंभीरता से मंथन किया जा रहा है। यह प्रस्तावित सड़क स्लॉटर हाउस के आस-पास से होते हुए सेक्टर-33 के बीच सीधा संपर्क स्थापित करेगी। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रस्तावित मार्ग के लिए आवश्यक अधिकांश भूमि विभिन्न सरकारी विभागों के अधीन है। मेयर ने कहा कि इसके लिए जल्द ही संबंधित विभागों के साथ तालमेल बिठाकर सभी कागजी और तकनीकी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी। मेयर प्रवीण पोपली ने सिंचाई विभाग के एसई विमल बिश्नोई और अन्य तकनीकी अधिकारियों के साथ सड़क निर्माण के लिए उपलब्ध भूमि, अलाइनमेंट तथा अन्य आवश्यक बिंदुओं का बारीकी से आकलन किया।

कवायद | कुपोषण मिटाने के लिए स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग ने शुरू किया पायलट प्रोजेक्ट

## अब विशेष खुराक से दूर होगा बच्चों का कुपोषण

*हिसार सहित 4 जिलों में विशेष पोषण खुराक का पायलट प्रोजेक्ट शुरू, 15 दिनों तक दी जाएगी विशेष खुराक, जुटेंगे आंकड़े*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

स्टेट सपोर्ट मिशन हरियाणा के तत्वाधान में स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्रदेश के कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए एक विशेष पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है। इस परियोजना के तहत बिना किसी अन्य चिकित्सीय जटिलता वाले मध्यम और उच्च दर्जे के कुपोषित बच्चों (0-71 माह की आयु वर्ग) की पहचान कर विशेष पोषण खुराक के माध्यम से उनका इलाज किया जा रहा है।



हिसार। बच्चे को विशेष खुराक देती महिला कर्मचारी।

#### प्रोजेक्ट के मुख्य बिंदु

- चयनित बच्चों को जिला अस्पताल स्तर पर लगातार 15 दिनों तक विशेष पोषण खुराक दी जाएगी।
- इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य यह जांचना है कि इस विशेष पोषण खुराक से बच्चों के स्वास्थ्य और वजन में कितना सुधार होता है।

#### जानिए... किन चार जिलों का किया गया है चयन

इस पायलट अध्ययन के लिए हरियाणा के चार प्रमुख जिलों का चयन किया गया है, जिनमें हिसार, पलवल, पानीपत और नूंह शामिल हैं। अनुसंधान कार्य को पूरी वैज्ञानिक सटीकता से करने के लिए प्रत्येक जिले से कुल 25-25 बच्चों पर यह विशेष अध्ययन किया जा रहा है। चयनित बच्चों को नागरिक अस्पताल में 15 दिन की विशेष खुराक दी जाएगी। इस अध्ययन से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर भविष्य में पूरे प्रदेश की आंगनवाड़ियों में इस विशेष खुराक को लागू किया जाएगा, ताकि कुपोषण को जड़ से खत्म करने के लिए ठोस कार्यक्रम चलाया जा सके।

#### गंगवा और महावीर कॉलोनी से प्रक्रिया शुरू, 9 बच्चे चुने

इस विशेष पायलट अध्ययन के लिए हिसार जिले में बच्चों के चयन की प्रक्रिया तेजी से शुरू कर दी गई है। जिला नागरिक अस्पताल, हिसार की एक विशेषज्ञ टीम जिसमें वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभु दयाल, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मिताली और पोषण काउंसलर दीपन शामिल थीं, ने गांव गंगवा स्थित आंगनवाड़ी तथा हिसार की महावीर कॉलोनी के आंगनवाड़ी केंद्रों का दौरा किया। टीम ने स्वास्थ्य मानकों की कड़ाई से जांच करने के बाद पहले दिन कुल 9 उपयुक्त बच्चों का चयन किया है। आगामी दो-तीन दिनों तक यह विशेषज्ञ टीम हिसार जिले के अन्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का दौरा कर शेष बच्चों के चयन की प्रक्रिया को पूरा करेगी, ताकि दोनों क्षेत्रों के बच्चों को इस शोध में समान प्रतिनिधित्व मिल सके।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 19.71 लाख ठगे, एक गिरफ्तार

*ठगी गई रकम में से ₹25 हजार बरामद*

हांसी। जिला साइबर पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 19.71 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए गिरोह के तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 25 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। इससे पहले इसी मामले में दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपी की पहचान हनुमानगढ़ जिले के नया बास निवासी समीर के रूप में हुई है।

साइबर थाना के पीएसआई रविंद्र ने बताया कि फरवरी 2026 में हांसी निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि व्हाट्सएप के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग और निवेश में अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने विभिन्न बैंक खातों और यूपीआई आईडी के जरिए उससे 19,71,647 रुपये की ठगी कर ली।

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और बैंकिंग ट्रांजेक्शन का विश्लेषण करते हुए समीर को हनुमानगढ़ (राजस्थान) से गिरफ्तार किया। वह इस मामले में गिरफ्तार किया गया तीसरा आरोपी है। पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान पहले भी ठगी गई राशि का कुछ हिस्सा बरामद किया जा चुका था। अब आरोपी से 25 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि बरामद कर पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पीजी संचालक पर चाकू से हमला, अस्पताल में भर्ती

**हिसार।** ऋषि नगर में पीजी चलाने वाले भिवानी निवासी सुमित पर रेलवे रोड स्थित एक होटल के सामने चार युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। उपचाराधीन सुमित ने बताया कि बुधवार रात करीब 9:30 बजे वह अपने दोस्त को रेलवे स्टेशन छोड़ने आया था। वहां उसे उसका दूसरा दोस्त रोहित मिला, जिसके साथ वह पास के पार्क में घूमने चला गया। पार्क में घूम रहे चार युवकों से किसी बात पर उनकी कहासुनी हो गई।

### गन्ना गोदाम संचालक का 5 हजार रुपये का चालान

**हिसार।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम ने स्वच्छता नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान एएसआई राहुल सैनी व एएसआई राहुल पंवार ने मिलगेट रोड पर गन्ने के गोदाम के कर्मचारी द्वारा खुले में कचरा डालते पाए जाने पर संचालक का 5 हजार रूपये का चालान किया। इसके अलावा सीटीएल प्रदीप जाखड़, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू व आईसी एक्सपर्ट हरिराम गुर्जर ने सेक्टर 14 गेट नंबर 2 के आस-पास निरीक्षण के दौरान तीन दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करते पाएं पर उनके चालान किए।

### डीटीपी की टीम ने तोड़ी कब्जे वाली दुकानें

**हिसार।** जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने गुरुवार को तोशाम रोड स्थित आधार अस्पताल के सामने कब्जे वाली दो दुकानों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस का प्रबंध रहा। हालांकि शुरू में लोगों ने हल्का विरोध किया, लेकिन पुलिस कार्रवाई के भय से वे पीछे हट गए। बताया जा रहा है कि इन दो दुकानों पर पिछले काफी समय से कब्जा था, जिसे डीटीपी की टीम ने हटा दिया।

## किशनगढ़–बालसमंद लिंक नहर के संयुक्त सर्वे को सरकार की मंजूरी

# हिसार और भिवानी के किसानों को मिलेगा 200 क्यूसेक अतिरिक्त पानी

- सात दिन में ईआईसी को सौंपनी होगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भाखड़ा कमांड एरिया के किसानों की वर्षों पुरानी मांग पर प्रदेश सरकार ने बड़ी राहत दी है। सरकार ने किशनगढ़ ब्रांच–सिसवाला हेड (बालसमंद ब्रांच) लिंक नहर के संयुक्त सर्वे को मंजूरी देते हुए इसके आदेश जारी कर दिए हैं। मुख्य अभियंता (भाखड़ा वाटर सर्विसेज), पंचकूला द्वारा गठित संयुक्त सर्वे समिति को 7 दिनों के भीतर प्रस्तावित लिंक नहर की विस्तृत तकनीकी और भौतिक रिपोर्ट इंजीनियर-इन-चीफ (ईआईसी) को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

**सुपरिटेंडिंग इंजीनियर की अध्यक्षता में बनी कमेटी:** इस परियोजना के लिए बनी समिति की अध्यक्षता सुपरिटेंडिंग इंजीनियर, भाखड़ा वाटर सर्विसेज सर्किल-1, हिसार करेंगे। कमेटी में जल संघर्ष समिति के अध्यक्ष कुरड़ा राम नंबरदार, कार्यकारी अभियंता, संबंधित उपमंडलों के एसडीओ और किसानों के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह टीम प्रस्तावित मार्ग, तकनीकी व्यवहार्यता, जल उपलब्धता और भूमि संबंधी पहलुओं का बारीकी से आकलन करेगी।



**किसानों में खुशी की लहर**

इस फैसले का स्वागत करते हुए जल संघर्ष समिति के कुरड़ाराम नंबरदार, संदीप धीरणवास, भीम सिंह लौरा, अनिल लौरा, रमेश बेनीवाल, रेणु चहल, बबलू गोरछी, सहित क्षेत्र के सैकड़ों किसानों और ग्रामीणों ने इसे अपने लंबे संघर्ष की बड़ी जीत बताया है। किसानों ने उम्मीद जताई है कि सर्वे के तुरंत बाद सरकार इस परियोजना को वित्तीय मंजूरी देकर निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाएगी

**भविष्य में यह होने वाली है व्यवस्था:** वर्तमान में खनौरी हेड से बरवाला ब्रांच के लिए 1725 क्यूसेक पानी स्वीकृत है, लेकिन केवल 1500 क्यूसेक ही मिल पा रहा है। इस नई लिंक नहर के बनने से हिसार-भिवानी क्षेत्र को लगभग 200 क्यूसेक अतिरिक्त पानी मिल सकेगा, जिससे बरवाला ब्रांच के पानी में बिना किसी कटौती के टेल क्षेत्र के हजारों किसानों को लाभ मिलेगा।

**श्रुति चौधरी से मुलाकात के बाद आया फैसला**

गौरतलब है कि गत 3 जून को भाखड़ा कमांड एरिया के किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी से मुलाकात कर टेल क्षेत्र में पानी की भारी किल्लत और पेयजल संकट का मुद्दा उठाया था।

सिंचाई मंत्री ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए तुरंत अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिसके परिणामस्वरूप यह बड़ा फैसला आया है। जल संघर्ष समिति के सदस्य पारस लौरा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह के सपने को साकार करेगा, जिन्होंने हमेशा किसानों के हक की लड़ाई लड़ी।



हांसी। प्राइवेट स्कूल संघ की मीटिंग को संबोधित करते प्रधान रविन्द्र अत्री।

## रविन्द्र अत्री लगातार तीसरी बार बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

- हांसी प्राइवेट स्कूल संघ की नई कार्यकारिणी का गठन

हांसी प्राइवेट स्कूल संघ की बैठक गुरुवार को संघ के प्रधान रविन्द्र अत्री ढण्ढेरी की अध्यक्षता में एक निजी होटल में आयोजित की गई। बैठक के दौरान हांसी के नव नियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र श्योराण का पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र श्योराण ने कहा कि उनकी प्राथमिकता हांसी जिले को शिक्षा के क्षेत्र में हरियाणा के सभी जिलों में प्रथम स्थान पर पहुंचाना होगी। वहीं संघ के मुख्य संरक्षक अनिल कुमार गरसा ने कहा कि हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का प्राइवेट स्कूल संघ पूर्ण रूप से पालन करेगा। मुख्य संरक्षक की सहमति से सतीश वर्मा को संरक्षक, मनोज आहूजा को उपप्रधान, दिनेश कौशिक को सचिव, नीरज भानखड़ को सह-सचिव, राम अवतार सिंह को कोषाध्यक्ष, संदीप सांपला को समन्वयक, राजबीर वर्मा को सलाहकार, तिलक राज मेहंदीरत्ता, विजेंद्र मलिक, देवेंद्र रावल (लेखा परीक्षक), संदीप दूहन को कार्यकारिणी सदस्य तथा सरदार हरिंद्र पाल सिंह, सुनील बेरवाल भाटला, हरि प्रकाश डाटा और प्रदीप मलिक को आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया।



हांसी। आमटी तालाब के समीप पड़े कचरे को उठाते नप के सफाई कर्मचारी।

### वार्ड 6, 11 और 25 में चला व्यापक सफाई अभियान

- नगर परिषद का विशेष सफाई अभियान जारी
- नालों-नालियों की सफाई, कूड़ा उठाकर डंपिंग स्थल पहुंचाया

**हांसी।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद का विशेष सफाई अभियान लगातार जारी है। गुरुवार को अभियान के तहत वार्ड नंबर 6, 11 और 25 में व्यापक स्तर पर सफाई कार्य कराया गया। इस दौरान नालों, नालियों, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और खाली पड़े प्लॉटों की सफाई कर कूड़ा-कचरा उठाकर निर्धारित डंपिंग स्थल तक पहुंचाया गया। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए नगर परिषद ने प्रत्येक वार्ड में अधिकारियों को कैप्टन नियुक्त किया। वार्ड नंबर 6 में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी प्रतिक्षा सांगवान, वार्ड नंबर 11 में जूनियर इंजीनियर संदीप तथा वार्ड नंबर 25 में कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र सोनी ने मौके पर मौजूद रहकर सफाई कार्य की निगरानी की और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सफाई कर्मचारियों ने नालियों से सिल्ट निकालने, सड़कों पर झाड़ू लगाने और एकत्रित कूड़े का उचित निस्तारण करने का कार्य किया। साथ ही नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा आसपास साफ-सफाई बनाए रखने की अपील भी की गई। नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि विशेष सफाई अभियान आगामी दिनों में भी शहर के अन्य वार्डों में जारी रहेगा।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार, बाइक बरामद

- हिसार एवं हांसी के तीन वाहन चोरी के मामलों का खुलासा

**हिसार।** शहर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद किया हैं। आरोपी की गिरफ्तारी से हिसार एवं हांसी के कुल तीन वाहन चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। शहर थाना प्रभारी पीएसआई अमित कुंडू ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान ढाणी बुखारी निवासी साहिल के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 26 जून को शाहपुर निवासी रघुबीर ने शिकायत दी थी कि वह ऋषि नगर स्थित अपनी बैल्डिंग की दुकान पर कार्य कर रहा था। इसी दौरान उसकी मोटरसाइकिल दुकान के पास वाली गली से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। शिकायत के आधार पर शहर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रामचन्द्र ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों तथा अन्य खुफिया स्रोतों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी की गिरफ्तारी से वाहन चोरी के कुल तीन मामले सुलझे हैं, जिनमें दो मामले हिसार जिले तथा एक मामला हांसी जिले का शामिल है।

## सीएम व पीएम से मिलने की रणनीति पर आज होगा मंथन



हांसी। धरना स्थल पर बैठी महिलाएं व ग्रामीण।

- चानौत जल आंदोलन का धरना 55वें दिन भी जारी

**हांसी।** गांव चानौत में पानी की मांग को लेकर चल रहा जल आंदोलन शुक्रवार को 55वें दिन भी जारी रहा। धरनास्थल पर ग्रामीणों और आंदोलनकारी समिति के सदस्य लगातार अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। आंदोलन समिति के अनुसार शुक्रवार को धरना कमेटी, आस-पास के 26 गांवों के पंचायत प्रतिनिधियों व खाप पंचायत प्रतिनिधियों की धरनास्थल पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें 12 जुलाई को हिसार में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और 17 जुलाई को जींद रैली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर गांव की पानी की समस्या के समाधान की मांग उठाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में आंदोलन की आगामी रूपरेखा और प्रतिनिधिमंडल के गठन सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी निर्णय लिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक गांव को स्थायी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरनास्थल पर प्रतिदिन विभिन्न सामाजिक संगठनों, खाप प्रतिनिधियों और आसपास के गांवों के लोग पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दे रहे हैं। आंदोलन समिति ने कहा कि उनका उद्देश्य शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग सरकार तक पहुंचाना है और उम्मीद है कि सरकार जल्द सकारात्मक निर्णय लेकर चानौत के लोगों को स्थायी जलापूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराएगी।

### महिला एवं बाल अपराधों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**हिसार।** महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों की जांच में किसी भी तरह की लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए महिला सुरक्षा डीएसपी प्रिया शर्मा ने शहर थाना के अनुसंधान अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में लंबित और विचाराधीन मामलों की एक-एक कर समीक्षा की गई तथा सभी जांच अधिकारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध अनुसंधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीएसपी प्रिया शर्मा ने प्रत्येक मामले की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि जांच केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर पूरी पारदर्शिता के साथ की जानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला एवं बाल अपराधों से जुड़े सभी मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। घटनास्थल से वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्य समय पर जुटाए जाएं तथा उनका विधिवत दस्तावेजीकरण किया जाए।



हिसार। बैठक में चर्चा करते हरियाणा गवर्नमेंट कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### करनाल में शिक्षा मंत्री के समक्ष कॉलेज शिक्षकों की मांगें रखी जाएंगी

**हिसार।** हरियाणा गवर्नमेंट कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (एचजीसीटीए) की स्थानीय इकाई की बैठक गुरुवार को राजकीय महिला महाविद्यालय में हुई। इस की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष प्रो. राजेश रांझा ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 जुलाई को करनाल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के समक्ष सरकारी कॉलेज शिक्षकों की सभी लंबित मांगों को मजबूती से रखा जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष ने स्थानीय इकाई के सभी सदस्यों को करनाल कार्यक्रम में भाग लेने का निमंत्रण दिया और शिक्षकों से सुझाव भी आमंत्रित किए। कॉलेज शिक्षकों की प्रमुख मांगों में वेतनमान/स्केल प्रदान करने में ग्रामीण सेवा की अनिवार्यता को समाप्त करना, शिक्षकों को समय पर वेतनमान/स्केल जारी करना, प्राइवेट यूनिवर्सिटी से पीएचडी करने वाले शिक्षकों को भी सभी लाभ देना, गवर्नमेंट कॉलेजों में प्राचार्यों के सभी रिक्त पदों को प्रमोशन से शीघ्र भरना, कॉलेज शिक्षकों की रिटायरमेंट की उम्र 58 से बढ़ाकर 60 साल करना आदि शामिल है।

## लिपिकों को मिला लाभ, स्टेनो टाइपिस्ट रह गए वंचित, सरकार से न्याय की मांग

### समान पद होने के बावजूद अतिरिक्त वेतनवृद्धियों से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- स्टेनो वेलफेयर एसोसिएशन ने सरकार एवं वित्त विभाग को पत्र लिखकर उठाई मांग

हरियाणा राज्य परिवहन में कार्यरत स्टेनो टाइपिस्ट कर्मचारियों ने सरकार की नई वेतन नीति पर सवाल उठाते हुए समान पदों पर कार्यरत कर्मचारियों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया है। कर्मचारियों का कहना है कि वित्त विभाग ने हाल ही में लिपिक वर्ग को तीन/दो अतिरिक्त वेतनवृद्धियों का लाभ देकर उनका वेतन पुनर्निर्धारित किया है, लेकिन समान वेतनमान और समान सेवा शर्तों के बावजूद स्टेनो टाइपिस्ट वर्ग को इस लाभ से पूरी तरह वंचित रखा गया है। कर्मचारियों ने महाप्रबंधक के माध्यम से सरकार और वित्त विभाग को प्रतिवेदन भेजकर इस विसंगति को तत्काल दूर करने की मांग की है। अन्य विभागों में कार्यरत स्टेनो टाइपिस्ट कर्मचारियों ने भी सरकार को पत्र भेजकर न्याय की मांग की है। सरकार एवं वित्त विभाग को भेजे प्रतिवेदन में स्टेनो वेलफेयर एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि वित्त विभाग के 8 फरवरी 2024 के आदेशों के तहत लिपिक और स्टेनो टाइपिस्ट का वेतनमान समान निर्धारित किया गया था, वहीं मुख्य सचिव कार्यालय भी स्टेनो टाइपिस्ट को लिपिक के समकक्ष पद मान चुका है। इतना ही नहीं, हरियाणा राज्य परिवहन में दोनों वर्गों की संयुक्त वरिष्ठता सूची है, पदोन्नति के अवसर समान हैं और अधिकांश स्टेनो टाइपिस्ट लिपिकीय कार्यों का भी निर्वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद केवल लिपिक वर्ग को अतिरिक्त वेतनवृद्धि देना कर्मचारियों के अनुसार समानता के सिद्धांत के विपरीत है।

### जनता व पुलिस के बीच भरोसे की नई कड़ी, अब हर अपराध की सूचना सीधे एसपी की निगरानी में पहुंचेगी

**हिसार।** अपराध पर अंकुश लगाने और आम नागरिकों की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में जिला पुलिस ने एक नई पहल शुरू की है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत ने आमजन के लिए दो विशेष मोबाइल नंबर जारी किए हैं, जिनके माध्यम से जिले का कोई भी नागरिक अब किसी भी आपराधिक गतिविधि, संदिग्ध व्यक्ति या कानून-व्यवस्था से जुड़ी सूचना सीधे पुलिस कंट्रोल रूम तक पहुंचा सकेगा। यह निर्णय मासिक मीडिया बैठक के दौरान पत्रकारों द्वारा दिए गए सुझाव के बाद लिया गया। पत्रकारों ने सुझाव दिया था कि आम नागरिकों के लिए ऐसा सीधा संपर्क नंबर होना चाहिए, जहां बिना किसी झिझक के अपराध संबंधी सूचना दी जा सके। इस सुझाव को जनहित में स्वीकार करते हुए एसपी सिद्धांत जैन ने तत्काल प्रभाव से पुलिस कंट्रोल रूम के दो विशेष मोबाइल नंबर जारी करने के निर्देश दिए।

**ये हैं विशेष सूचना नंबर:** पुलिस के अनुसार 88140-12342 व 88140-57100 पर सूचनाएं दी जा सकेंगी। इन नंबरों पर नागरिक 24 घंटे कॉल कर सकते हैं। साथ ही वट्सअप के माध्यम से फोटो, वीडियो, ऑडियो, लोकेशन और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी भेजी जा सकेगी। प्राप्त प्रत्येक सूचना पर पुलिस तत्काल संज्ञान लेकर नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

**गोपनीय रहेगी पहचान:** पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। कंट्रोल रूम में हर सूचना का रिकॉर्ड तैयार होगा, जिसमें सूचना का समय, विषय, कॉल करने वाले का विवरण और संबंधित थाना या शाखा को सूचना भेजने का पूरा ब्यौरा दर्ज किया जाएगा। इससे प्रत्येक शिकायत की मॉनिटरिंग और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।



### मार्केट व मुख्य मार्गों से हटवाया अतिक्रमण

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। गुरुवार को नगर निगम की टीम ने रेलवे स्टेशन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। इसके बाद टीम ने पोस्ट ऑफिस व डाकघर के सामने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके अलावा तालाकी गेट से लेकर विश्वकर्मा धर्मशाला तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के साथ 7 रेहड़ियों को भी जब्त किया गया। इसके साथ ही टीम ने तलाकी गेट से गुलाब सिंह चौक और सिरसा चुंगी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।



### एनसीसी कैडेटों ने सीखे घुड़सवारी के गुर

**हिसार।** वन हरियाणा आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी द्वारा लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कैडेटों के शारीरिक, सैन्य एवं व्यक्तित्व विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न उच्च स्तरीय प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया। कैडेटों के दिन की शुरुआत एक ऊर्जावान शारीरिक प्रशिक्षण सत्र से हुई, जिसके तुरंत बाद खेलकूद एवं घुड़सवारी (हॉर्स राइडिंग) प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

## हाइड्रोजन ट्रेन उद्घाटन समारोह की तैयारियों में जुटी भाजपा



हिसार। बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

- रैली में केवल इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों का ही होगा उपयोग

**हिसार।** भाजपा हिसार विधानसभा की एक बैठक गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ तथा मेयर प्रवीण पोपली विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जींद में 'जींद–सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन' के उद्घाटन समारोह में हिसार विधानसभा क्षेत्र से रिकॉर्ड संख्या में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना था। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि जींद में होने वाले इस ऐतिहासिक समारोह के लिए हिसार विधानसभा से कम से कम 2000 लोगों की उपस्थिति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्षों तथा पार्टी पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। डॉ. गुप्ता ने बताया कि रैली में हिसार से जाने वाले सभी वाहन अनिवार्य रूप से इलेक्ट्रिक अथवा सीएनजी आधारित होंगे। रैली में डीजल या पेट्रोल से चलने वाले किसी भी वाहन का उपयोग नहीं किया जाएगा।

### मजबूत संगठन व समर्पित कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : डॉ. आशा



हिसार। बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ व उपस्थित पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**हिसार।** भाजपा ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में भाजपा हिसार जिला की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ की अध्यक्षता में डोगरान मोहल्ला स्थित पूर्व डिप्टी मेयर एवं जिला उपाध्यक्ष अनिल सैनी के निवास पर आयोजित हुई। बैठक में जिला पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों और मंडल प्रभारियों ने संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क अभियान और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत मंथन किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि बूथ ही भाजपा की असली शक्ति है और जब बूथ मजबूत होगा तो संगठन स्वतः मजबूत होगा।

## बायोमेडिकल रिसर्च और दवा की खोज में नवीनतम प्रगति पर हुआ मंथन

- एएनआरएफ कार्यशाला ने एडवांस्ड मैमेलियन सेल कल्चर और नेक्स्ट-जेनरेशन सीक्वेंसिंग तकनीकों से शोधकर्ताओं को बनाया सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एएनआरएफ-पीएआईआर (तेज अनुसंधान एवं शोध के लिए साझेदारी) पहल के तहत 'स्वास्थ्य और चिकित्सा तकनीकें: जीन से दवा की खोज तक' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न हो गई। इस कार्यशाला में विभिन्न संस्थानों के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने बायोमेडिकल रिसर्च और दवा की खोज में नवीनतम प्रगति पर चर्चा की।

**अत्याधुनिक जैव-तकनीकी प्रक्रियाओं पर हाई-लेवल ट्रेनिंग:** कार्यशाला के दूसरे दिन दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. आलोक चंद्र भारती ने एक विशेष उच्च-स्तरीय प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता की। यह सत्र पूरी तरह से अत्याधुनिक जैव-तकनीकी प्रक्रियाओं पर केंद्रित रहा, जिसमें 'मैमेलियन सेल कल्चर' और 'लॉन्ग-रीड डीएनए सीक्वेंसिंग' में आई नई क्रांतियों पर प्रकाश डाला गया। इस सत्र ने प्रतिभागियों को आधुनिक आणविक जीव विज्ञान (मॉलिक्यूलर बायोलॉजी) तकनीकों के बारे में न केवल महत्वपूर्ण सैद्धांतिक जानकारी दी, बल्कि व्यावहारिक अनुभव (हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग) भी प्रदान किया।

**दो सत्रों में दी गई व्यावहारिक ट्रेनिंग**

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शैक्षणिक सिद्धांत और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच की दूरी को पाटने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया था। सुबह का सत्र मैमेलियन सेल कल्चर की मूल बातों और इसके अनुप्रयोगों पर केंद्रित रहा। इसके बाद हुए व्यावहारिक प्रदर्शन में प्रतिभागियों को सेल लाइन रिवाइवल, सबकल्चरिंग और क्रायोप्रिजर्वेशन जैसी मुख्य प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया। दोपहर के सत्र में लॉन्ग-रीड सीक्वेंसिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करके डीएनए सीक्वेंसिंग और इसके विविध अनुप्रयोगों पर चर्चा हुई। गुजवि के डीन रिसर्च प्रो. नीरज दिलबागी ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। गुजवि में एएनआरएफ-पीएआईआर प्रोजेक्ट के प्रधान अन्वेषक प्रो. अश्वनी कुमार ने कार्यशाला की रिपोर्ट ने प्रस्तुत की।



### गुजवि में फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि एक शिक्षक केवल ज्ञान का प्रसार नहीं करता, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण भी करता है। एक शिक्षक का बहुआयामी होना आवश्यक है। प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण स्कीम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के सौजन्य से शुरू हुए चार सप्ताह के ऑनलाइन फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम (एफआईपी-10) के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित कर रहे थे।

## खबर संक्षेप

### भाविप का नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आज

**हिसार।** भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर विवेकानंद शाखा हिसार एवं हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा 10 जुलाई को निशुल्क शिविर लगाया जाएगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष सीए रामनिवास अग्रवाल व सचिव मांगेराम गुप्ता ने बताया कि दिव्यांग केंद्र भारत विकास परिषद से संबद्ध है। 10 जुलाई को भाविप के स्थापना दिवस के अवसर पर दिव्यांग केंद्र में निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाकर आंखों के सफेद मोतियाबिंद से प्रभावित 21 बुजुर्गों का ऑपरेशन किया जाएगा।

### छात्राओं का स्कॉलरशिप के लिए चयन

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निकर की छात्राओं ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठित प्रगति छात्रवृत्ति योजना में स्थान प्राप्त किया है। संस्थान की 12 छात्राओं का इस छात्रवृत्ति योजना के लिए चयन हुआ है। इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत चयनित प्रत्येक छात्रा को 50,000 रुपये प्रति वर्ष की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

### नशा मुक्ति के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**हांसी।** जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में नशा मुक्त हांसी द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई, शिक्षण संस्थानों, गांवों और शहरों में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जा रहा है तथा उन्हें शिक्षा, खेल और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### योग को बना रहे दैनिक जीवन का हिस्सा

**हांसी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भले ही 21 जून को मनाया गया हो, लेकिन योग के प्रति लोगों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति की ओर से संचालित नियमित योग कक्षाओं में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के बाद भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि हर दिन नए साधक योग से जुड़ रहे हैं और नियमित अभ्यास करने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। योग प्रशिक्षकों के अनुसार 21 जून केवल योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का एक अवसर है।

### चेस चैंपियनशिप में लोटस के होनहारों का दबदबा

**उकलाना।** लोटस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने टोहाना में आयोजित ग्रैंड चेस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने टॉप-7 में स्थान बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में शौर्य ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान, विनय ने छठा स्थान तथा आयुष ने सातवां स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तीनों खिलाड़ियों को चेस किट पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई।

# सीसवाल सब माइनर मोगा एवं खाल के निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

## एडीसी ने अधिकारियों को मौके का मुआयना कर दिए विभागीय कार्रवाई के निर्देश

**एडीसी चेतल ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों का किया समाधान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनतीं अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल।



हांसी। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते नायब तहसीलदार सुरेश कुमार।

लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में गुरुवार को एडीसी शालिनी चेतल ने आमजन की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बेवजह नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े। इसके लिए प्रत्येक विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके विभाग से संबंधित शिकायत ज्यादा दिन तक लंबित न रहे।

समाधान शिविर में आजाद नगर निवासी पूनम द्वारा ईएमआई न भरने पर बैंक द्वारा घर बेचने के नोटिस संबंधी मामले तथा साकेत कॉलोनी निवासी कांशीराम द्वारा समिति के विरुद्ध झूठे आरोप लगाकर सरकारी अधिकारियों को गुमराह करने व समिति की छवि धूमिल करने संबंधी शिकायत पर एडीसी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को दोनों मामलों पर आगामी कार्रवाई करने को कहा। गांव लाडवी निवासी बलदेव द्वारा कृषि भूमि सिंचाई के लिए सीसवाल सब माइनर के मोगा एवं खाल के निर्माण के दौरान हुए भ्रष्टाचार की जांच करवाने संबंधी मांग पर एडीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौका मुआयना कर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक अन्य मामले में एक पशु पालन सहकारी गृह निर्माण समिति को सरकार द्वारा आवंटित भूमि पर प्रबंधक कमेटी के सदस्यों द्वारा गलत तरीके से प्लाट काटने एवं बेचने संबंधी मामलों की जांच करवाने की मांग पर अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला रजिस्ट्रार कार्यालय को मामले की जांच कर आगामी कार्रवाई करने की हिदायत दी। चंदर लोक कॉलोनी निवासी अमित कुमार द्वारा जमीन खरीद मामले में प्रॉपर्टी डीलर द्वारा धोखाधड़ी करने शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने पुलिस विभाग को मामलों की जांच कर संबंधित नागरिकों के खिलाफ उचित कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए।

### बाढ़ से खराब फसल का मांगा मुआवजा

**हांसी।** जिला सचिवालय में गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार सुरेश कुमार ने आमजन की शिकायतें सुनीं। शिविर के दौरान गांव मेहंदा निवासी श्रीनिवास ने बाढ़ से खराब हुई फसल का मुआवजा दिलाने की मांग रखी। वहीं जगदीश कॉलोनी निवासी सोनू ने परिवार पहचान पत्र में जाति संबंधी त्रुटि ठीक कराने का अनुरोध किया। गांव ढंढेरी निवासी राजेश ने फसल खराब होने के मुआवजे की राशि बैंक खाते में दिलाने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की। नायब तहसीलदार ने सभी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।



हिसार। कार्यशाला के दौरान एचआरएमएस एवं इंट्रा हरियाणा पोर्टल पर लीव मैनेजमेंट संबंधी दिशा-निर्देश देतीं अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल।

# इंट्रा हरियाणा पोर्टल पर ही देनी होगी कर्मचारियों को छुट्टी की अर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला प्रशासन द्वारा सरकारी कार्यालयों में डिजिटल कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में गुरुवार को एचआरएमएस, ई ऑफिस प्रणाली एवं इंट्रा हरियाणा पोर्टल पर लीव मैनेजमेंट विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने की।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि उनके अधीन कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश संबंधी सभी आवेदन और उनकी स्वीकृति की प्रक्रिया इंट्रा हरियाणा पोर्टल के माध्यम से ही पूरी की जाए। इसके अलावा फाइलो की मूवमेंट ई ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रशासनिक व्यवस्था को पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनाने के लिए विभिन्न सेवाओं का डिजिटलीकरण कर रही है, जिसमें इंट्रा हरियाणा पोर्टल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि एचआरएमएस और इंट्रा हरियाणा पोर्टल के माध्यम से कर्मचारियों के अवकाश, सेवा अभिलेख तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों का संचालन अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक हो गया है। इससे कार्यालय कार्यों में तेजी आएगी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जिला वन अधिकारी रोहताश बिरथल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार, सीएमजीजीए अमोल, नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त प्रदीप कुमार, डीआईओ दीपक भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विज़डम स्कूल ने बोर्ड जोनल स्तरीय तैराकी स्पर्धा में जीते कई पदक

**हिसार।** साउथ बाइपास स्थित विज़डम स्कूल के छात्रों ने करनाल स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल में आयोजित सीआईएससीई बोर्ड की जोनल स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध विभिन्न शहरों के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनके बीच विज़डम स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अभिनव ने 50 मीटर बटरफ्लाई एवं 400 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक, जबकि 100 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक जीता। रुद्र ने 200 मीटर बैकस्ट्रोक में स्वर्ण पदक, तथा 50 मीटर और 100 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक अपने नाम किए। वहीं निकुंज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक, तथा 100 मीटर और 50 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय की प्राचार्या नीलम पिलानिया एवं विद्यालय प्रबंधन हरिपाल पिलानिया ने सभी विजेता छात्रों, प्रतिभागी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ने एक बार फिर विज़डम स्कूल को खेलों के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है।



हिसार। प्राचार्या नीलम पिलानिया एवं विद्यालय प्रबंधन हरिपाल पिलानिया से साथ पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि



हिसार। कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर रैली निकालते स्वास्थ्यकर्मी।

### भ्रूण लिंग की जांच कानूनन अपराध

**हिसार।** स्वास्थ्य विभाग और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी-बचाओ,बेटी-पढ़ाओ और गिरते लिंगानुपात में सुधार को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीसवाल के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र किशनगढ़-बरवाला में गुरुवार को जागरूकता रैली निकाली गई। सीएचसी सीसवाल के हैल्थ इंस्पेक्टर नूर मोहमद ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामवासियों को प्रसव पूर्व भ्रूण लिंग जांच और बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ अभियान को लेकर जागरूक किया गया। ग्रामवासियों को मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया आदि मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम और बचाव को लेकर भी जागरूक किया गया। गांव में स्वच्छता-साफ सफाई और संतुलित आहार के महत्व पर भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर किशनगढ़ बरवाला की एमपीएचडब्ल्यू प्रियंका, सीएचओ मुनेश, सरपंच पूनम देवी, आशा कार्यकर्ता संतोष, सुशीला, आंगनवाड़ी इमरती, स्कूल अध्यापक दलीप सिंह और शारदा आदि उपस्थित रहे।

**होली चाइल्ड स्कूल में ब्लू डे पर कार्यक्रम आयोजित**

# बच्चों ने दिया जल संरक्षण का संदेश

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्री-प्राइमरी विंग में 'थिंक ब्लू, लिव ग्रीन' थीम पर ब्लू डे का आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर नीले रंग की मनमोहक सजावट से सजा हुआ दिखाई दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को नीले रंग की विशेषता, प्रकृति में उसके महत्व तथा स्वच्छ जल के प्रति जागरूक बनाना था। नन्हे विद्यार्थियों ने नीले रंग की आकर्षक वेशभूषा में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कहानियों, कविताओं, चित्रकला, पोस्टर मेकिंग और अन्य रचनात्मक एक्टिविटीज के माध्यम से उन्हें बताया गया कि स्वच्छ पानी अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला है। बच्चों ने पोस्टर, स्लोगन और रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से जल है तो कल है का संदेश देते हुए जल संरक्षण के प्रति अपनी जागरूकता प्रदर्शित की। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आर. एस. सिंधु ने कहा कि बचपन में विकसित की गई अच्छी आदतें जीवनभर साथ रहती हैं। इसलिए बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही स्वच्छता, स्वास्थ्य और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना आवश्यक है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को खेल-खेल में महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों से जोड़ती हैं और उनमें जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं।



हिसार। ब्लू डे पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते विद्यार्थी।



### स्वदेशी जागरण मंच 12 से शुरू करेगा पौधरोपण पखवाड़ा

- स्वदेशी जागरण मंच की बैठक आयोजित

**हिसार।** स्वदेशी जागरण मंच की जिला स्तरीय बैठक स्वामी विवेकानंद भवन में स्वदेशी प्रांत मेला प्रमुख अनिल गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 50 से अधिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक में पर्यावरण आयाम प्रमुख भूपेंद्र कुमार एवं देवेंद्र अग्रवाल ने बताया कि 12 से 26 जुलाई तक पौधारोपण पखवाड़ा मनाया जाएगा। अभियान की शुरुआत हिसार के सेक्टर-33 से होगी तथा इसके अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। यह अभियान दिनेश चुघ एवं प्रदीप बामल के नेतृत्व में संचालित किया जाएगा। बैठक में 15 जून से 14 जुलाई तक चल रहे प्रोफेशनल ब्यूटी पार्लर एवं ट्रेनिंग प्रशिक्षण कोर्स की समीक्षा भी की गई। बैठक में सुनीता, प्रवीण कुमारी, डॉ. रचना शर्मा, दीपाली, भीम कुमार, नरेश कुहाड़, अमित, सुनील मुंजाल, विजय बिश्नोई, नीलम गर्ग, हनुमान कुमार व ओम विष्णु सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**एसोसिएशन ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन**

# तीन व दो इंक्रीमेंट का लाभ जिला स्तर पर भी लागू करें : सिहाग

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन (हेमसा) ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बैठक करके जिला शिक्षा अधिकारी रामरत्न को ज्ञापन सौंपा। बैठक की अध्यक्षता जिला उपप्रधान मंगल सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए हेमसा के राज्य महासचिव हितेन्द्र सिहाग ने कहा कि सरकार द्वारा मिनिस्ट्रीयल कैडर के कर्मचारियों के लिए घोषित तीन और दो इंक्रीमेंट का लाभ शिक्षा विभाग में जिला स्तर पर सही ढंग से लागू नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से जारी आदेशों के बावजूद पात्र कर्मचारियों का वेतन सत्यापित नहीं किया जा रहा, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। उन्होंने मांग की कि जब तक मिनिस्ट्रीयल कैडर का पूर्ण ग्रेड रिवीजन लागू नहीं किया जाता, तब तक लिपिक से लेकर सुपरिंटेंडेंट तक सभी पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को समान रूप से तीन इंक्रीमेंट का लाभ दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों की मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संगठन आगामी रणनीति बनाकर आंदोलन शुरू करेगा। देवेन्द्र शर्मा, रामनिवास, रमेश पाबड़ा, सत्यनारायण, रामावतार यादव और शिव कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



हिसार। जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हेमसा पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि



हांसी। सिल्वर जोन ओलंपियाड में पदक विजेता विद्यार्थी स्कूल प्राचार्या ऋतु सिंह के साथ। फोटो : हरिभूमि

### एसडी मॉडर्न स्कूल की माही ने सिल्वर जोन ओलंपियाड में जीता गोल्ड मेडल

हांसी। एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित सिल्वर जोन ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। सामाजिक विज्ञान विषय की ओलंपियाड परीक्षा में विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन का परिचय दिया। विद्यालय की छात्रा माही ने गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय और अपने अभिभावकों का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा अंश, अनंता, यश धमीजा, अनन्या गोस्वामी और समृद्धि ने भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्राचार्या ऋतु सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दिया। विद्यालय प्रबंधन ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की।

**पश्चिम एशिया के तनाव पर किया मंथन**

# भारत की ऊर्जा सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के सामने गंभीर चुनौतियां : धर्मपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

वानप्रस्थ सीनियर सिटीज़न क्लब में वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बने अमेरिका-ईरान संघर्ष तथा उसके भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने इस संघर्ष के वैश्विक और भारतीय आर्थिक परिदृश्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर विस्तार से अपने विचार साझा किए।

**ऊर्जा सुरक्षा और महंगाई पर पड़ता है सीधा असर** : कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए क्लब के महासचिव डॉ. जे. के. डांग ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका-ईरान तनाव केवल दो देशों का विवाद नहीं है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव भारत जैसे तेल आयात करने वाले देशों पर पड़ता है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा, महंगाई, व्यापार, निवेश और आर्थिक विकास अंतरराष्ट्रीय घटनाओं से सीधे जुड़े हैं, इसलिए ऐसे विषयों पर सार्थक चर्चा बेहद ज़रूरी है।



हिसार। गोष्ठी में अपने विचार रखते बिजली निगम के पूर्व मुख्य संचार अधिकारी धर्मपाल ढुल्ल एवं उपस्थितक्लब के सदस्य।

### होर्मुज जलडमरूमध्य में अनिश्चितता भारत के लिए बड़ी चुनौती

मुख्य वक्ता के रूप में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के पूर्व मुख्य संचार अधिकारी धर्मपाल ढुल्ल ने बताया कि भारत अपनी पेट्रोलियम आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है, जिसका बड़ा हिस्सा इसी समुद्री मार्ग से आता है। कच्चे तेल के अलावा एलपीजी, प्राकृतिक गैस, उर्वरक और अन्य खनिजों की आपूर्ति प्रभावित होने से विनिर्माण, कृषि, परिवहन, नागरिक उड्डयन, कांच उद्योग जैसे क्षेत्रों पर असर पड़ सकता है।

### ड्यूटी निभाने वालों का निलंबन अन्यायपूर्ण : सहगल



**हिसार।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबद्ध सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ ने एचएसवीपी के एसडीओ और जेई को निलंबित किए जाने को लेकर रोष जताया है। संघ ने फतेहाबाद में एसडीओ और जेई के निलंबन पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे अन्यायपूर्ण बताया है। संघ के राज्य उपप्रधान एमएल सहगल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में पूरे प्रदेश में अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया था, जिसके तहत संबंधित विभागों ने समाचार पत्रों, मुनादी और आरडब्ल्यूए के माध्यम से पूर्व सूचना देकर पुलिस सुरक्षा एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कार्रवाई की। उन्होंने सरकार से मांग की कि निलंबन आदेश तत्काल वापस लेकर संबंधित अधिकारियों को बहाल किया जाए। इस दौरान नरेश गोयल, मोहिंदर स्याहड़वा, राजपाल नैन, भरत सिंह पूनिया, राजबीर सिंधु आदि रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

# जयपुर का महारानी गायत्री देवी स्कूल बना चैंपियन

- विद्या देवी जिंदल स्कूल में ऑल इंडिया आईपीएससी कन्या एक्वाटिक चैंपियनशिप का समापन
- देशभर के 18 स्कूलों की तैराकों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

विद्या देवी जिंदल स्कूल में आयोजित चार दिवसीय 'ऑल इंडिया आईपीएससी कन्या एक्वाटिक (तैराकी) चैंपियनशिप अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 का गुरुवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में अपने सर्वश्रेष्ठ और दबदबे वाले प्रदर्शन के आधार पर महारानी गायत्री देवी स्कूल, जयपुर ने ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के 18 प्रमुख आईपीएससी सदस्य विद्यालयों की प्रतिभाशाली तैराकों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा, अनुशासन और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष, भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष एवं हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या नैना ढिल्लन, प्रशासक निखिल रुद्रा सहित समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की वाइस प्रीफेक्ट (स्पोर्ट्स) प्राप्ति सिंघानिया द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ




**टीम प्रतियोगिताओं के परिणाम**

अंडर-14 वर्ग में महारानी गायत्री देवी स्कूल, जयपुर ने चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर रनर-अप और दिल्ली पब्लिक स्कूल, आर.के. पुरम द्वितीय रनर-अप रहे। अंडर-17 वर्ग में भी महारानी गायत्री देवी स्कूल, जयपुर लगातार दूसरी बार चैंपियन बनी। यादविंद्र पब्लिक स्कूल, मोहाली को रनर-अप और हैदराबाद पब्लिक स्कूल, बेगमपेट को द्वितीय रनर-अप का स्थान मिला। अंडर-19 वर्ग में डेली कॉलेज, इंदौर ने चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा रोड, नई दिल्ली रनर-अप और महारानी गायत्री देवी स्कूल, जयपुर द्वितीय रनर-अप रहा।

**सर्वश्रेष्ठ तैराक**

पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न आयु वर्गों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अंडर-14 वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल, आर.के. पुरम की ऋत्वी, अंडर-17 वर्ग में यादविंद्र पब्लिक स्कूल, मोहाली की अपूर्वा तथा अंडर-19 वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल, आरके पुरम की अमायरा पाटनी को सर्वश्रेष्ठ तैराक चुना गया।



### टर्नओवर व नकद लेनदेन की सीमा की जांच सावधानी से करनी चाहिए : गर्ग

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा गैर कॉर्पोरेट संस्थाओं के टैक्स ऑडिट पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया गया। सेक्टर 16-17 के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में आयोजित किए गए इस सेमिनार में सीए कमल गर्ग अतिथि वक्ता रहे। इस अवसर पर सेमिनार के महत्व को स्पष्ट करते हुए बताया गया कि किन परिस्थितियों में टैक्स ऑडिट करवाना अनिवार्य हो जाता है। गैर कॉर्पोरेट संस्थाओं के टैक्स ऑडिट के विभिन्न पहलुओं से भी रूबरू करवाया गया।



वेदांश
को जन्मदिन पर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं